# लामडिंग दर्पण

## पूर्वोत्तर सीमा रेल, लामडिंग मंडल



कामाख्या स्टेशन

वर्ष -1 अंक -3 जुलाई-सितम्बर 2010

### मंडल रेल प्रबंधक का संदेश

एकीकृत रेल नेटवर्क सेवा के रूप में 1958 में पूर्वोत्तर सीमा रेल की स्थापना निःसंदेह पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेल विकास के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण था। पूर्वोत्तर सीमा रेल के लामडिंग मंडल की विषम भौगोलिक अवस्थिति है। विगत वर्षो में मंडल में अनेक परिवर्तन हुए हैं। प्राकृतिक आपदाओं तथा उग्रवादी गतिविधियों की समस्याएं सामने आई। इनसे जुझते हुए मंडल पूर्वोत्तर के छः राज्यों को निरंतर अपनी सेवा प्रदान करता रहा है। केन्द्र सरकार ने पूर्वोत्तर क्षेत्र की परियोजनाओं को राष्ट्रीय परियोजना की मान्यता दी है, जिसमें लामडिंग- बदरपुर हिल सेक्शन की परियोजना भी शामिल है। इन परियोजनाओं को तत्परता से पूरा किया जाना है।

तेज गति से विकसित हो रही अर्थ व्यवस्था की चुनौतियों को पूरा करने के लिए रेल के संगठनात्मक ढॉचे तथा कार्य प्रणाली में परिवर्तन के परिणाम स्वरूप ही हाल के वर्षो में रेलवे राज्य के स्वामित्व वाले संगठन से कॉरपोरेट/निजी संगठ्न के रूप में बदली है तथा जिनकी अवसंरचना परिचालन से अलग और व्यापार अनुकूल पद्धति पर आधारित है। रेलवे को अपने भूतकाल से निकल कर विकासशील भारत की चुनौतियों से निपट्ने के लिए हर हाल में आगे बढ़ना है।

रेलवे, पूर्वोत्तर क्षेत्र में परिवहन का सबसे बड़ा साधन है। इस क्षेत्र का सामरिक दृष्टि से बड़ा महत्व है। फलस्वरूप यह सिविल आपूर्ति के साथ-साथ सैन्य सामग्रियों की ढुलाई के मद्देनजर और महत्वपूर्ण हो जाता है। विपरीत परिस्थितियों में भी मंडल के रेलकर्मी जहॉ अपनी निष्ठा और समर्पण की भावना से जनता को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए तत्पर हैं वहीं हिंदी को अपनाने में भी पीछे नहीं हैं।

मैं उम्मीद करता हूँ कि मंडल की गृह पत्रिका 'लामडिंग दर्पण' राजभाषा हिंदी के प्रयोग प्रसार को निरंतर एक नई दिशा प्रदान करती रहेगी तथा रेलकर्मियों में हिंदी के प्रति सहजता, सरलता के साथ-साथ जागरूकता भी लाएगी।

**मंडल रेल प्रबंधक.**

### अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी की कलम से.

लामडिंग मंडल की त्रैमासिक हिंदी पत्रिका 'लामडिंग दर्पण' का यह तृतीय अंक आपको समर्पित है। सरकारी कामकाज में संवैधानिक दायित्वों के सुचारू रूप से निर्वहन के उद्देश्य से मंडल से हिंदी पत्रिका, सहायक साहित्य आदि का नियमित प्रकाशन हिंदी के प्रयोग को आसान बनाने का एक भरसक प्रयास है। मुझे उम्मीद है कि मंडल में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मध्य इसका प्रभाव राजभाषा हिंदी के विकास के उद्देश्य से दूरगामी परिणाम लाने में सहायक सिद्ध होंगे।

'लामडिंग दर्पण' पत्रिका हिंदी के लिए प्रेरणा स्रोत बनकर हमारे बीच नित्य नूतन का आभास प्रदान कराती रहे तथा अपनी गतिविधियों से हमें विविध जानकारियां प्रदान करती रहे, यही मेरी कामना है।

**विशेष कार्य अधिकारी**

### कामाख्या रेल स्टेशन राष्ट्र को समर्पित

सुश्री ममता बैनर्जी, माननीय केन्द्रीय रेल मंत्री ने 13 सितम्बर 2010 को न्यूजलपाईगुड़ी स्टेशन से रिमोट के द्वारा 11.00 बजे कामाख्या स्टेशन भवन को राष्ट्र को समर्पित किया। कामाख्या स्टेशन के स्थानीय समारोह की अध्यक्षता माननीया सांसद, श्रीमती बिजया चक्रवर्ती ने की। वर्ष के दौरान लामडिंग मंडल में होजाई, बोकाजान, बिष्णुपुर, बंपाई, सेनापति एवं मोकोकचंग में खोले गए रेल हेड के दो एवं गैर रेल हेड के चार यात्री आरक्षण प्रणाली केन्द्रों में भी इस दिन समर्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए।



कामाख्या स्टेशन भवन के समर्पण कार्यक्रम में श्रीमती बिजया चक्रवर्ती, माननीया सांसद एवं श्री विपिन झा, अपर महाप्रबंधक

### महाप्रबंधक का लामडिंग दौरा

पूर्वोत्तर सीमा रेल के महाप्रबंधक, श्री केशव चन्द्रा ने 31 अगस्त 2010 को डिमापुर तथा लामडिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडल के सभा कक्ष में शाखा अधिकारियों के साथ बैठक की तथा रेलवे के यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ भी विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

### स्वास्थ्य जॉच कैंप

डॉ. योगराज, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, बदरपुर के मार्गदर्शन में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य जॉच कार्यक्रम के अंतर्गत करीमगंज-धर्मनगर सेक्शन के बराईग्राम जंक्शन में 5 सितम्बर 2010 को एक स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत् स्त्री, पुरुष तथा बच्चों सहित कुल 97 रेल कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के रक्त जॉच, रक्त चाप, ईसीजी, मलेरिया तथा एचआईवी के जॉच किए गए। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य शिक्षा विषय पर अभिभाषण के द्वारा स्वच्छ पेय जल, स्टेशन तथा कालोनियों में साफ-सफाई के वातावरण बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया।



बराईग्राम जंक्शन में आयोजित बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य जॉच कार्यक्रम का एक दृश्य

## 64 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन

मंडल कार्यालय परिसर में 64 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। रेल सुरक्षा बल, रेल सुरक्षा विशेष बल, स्कूली बच्चे तथा स्काउट एवं गाईड का परेड, देशभक्ति तथा समूह नृत्य समारोह का विशेष आकर्षण रहा।



मंडल मुख्यालय परिसर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह का एक दृश्य

## सद्भावना दिवस

देश-प्रेम और भाईचारा को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से 20 अगस्त 2010 को मंडल कार्यालय परिसर में सद्भावना दिवस के रूप में एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने प्रतिज्ञा ली कि वे हिंसा का सहारा लिए बिना आपसी सूझ-बूझ के द्वारा संवैधानिक तरीके से सभी भेदभाव को मिटाने का प्रयास करेगें।

## स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

मंडल रेल अस्पताल, लामडिंग में 01 अगस्त से 07 अगस्त 2010 तक विश्व स्तनपान सप्ताह का पालन किया गया। इस दौरान उक्त विषय पर कार्यशाला एवं सेमिनार तथा 'बेबी शो' का आयोजन विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। उक्त कार्यक्रम में रेलवे अधिकारी, कर्मचारी तथा उनके परिजनों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।



मंडल रेल अस्पताल, लामडिंग में 'बेबी शो' का उद्घाटन करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री अजीत पंडित



"सच्चा आनंद, सच्ची शांति केवल सेवाव्रत में है। वही अधिकार का स्रोत है, वही शक्ति का उद्गम है।"

– **मुंशी प्रेमचंद**

## रक्तदान शिविर

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंडल रेल अस्पताल, लामडिंग में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 25 कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर अपने उत्साह, निःस्वार्थ सेवाभाव एवं उदारता का परिचय दिया।



रक्तदान शिविर के उद्घाटन का दृश्य

## मदर एक्सप्रेस

मदर टेरेसा के 150वें जन्मजयंती के अवसर पर उनकी जीवनशैली एवं दर्शन पर आधारित विविध झाँकियों से सुसज्जित मदर एक्सप्रेस का कामाख्या स्टेशन पर 25 एवं 26 सितम्बर, 2010 को तथा डिमापुर स्टेशन पर 27 सितम्बर, 2010 को प्रदर्शनी के लिए ठहराया गया। प्रदर्शनी के दौरान उपरोक्त स्टेशनों में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## राष्ट्रमंडल एक्सप्रेस

राष्ट्रमंडल खेल 2010 एक अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा का खेल है। क्रीड़ा जगत के प्रमुख प्रतिस्पर्धाओं, इसके आयोजन स्थलों तथा सहभागिता करने वाले देशों एवं खिलाड़ियों के बारे में प्रदर्शनी से परिपूर्ण राष्ट्रमंडल एक्सप्रेस का 19 एवं 20 जुलाई 2010 को कामाख्या रेलवे स्टेशन पर असम सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम के अधीन राज्य के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री भरत नराह द्वारा प्रदर्शनी के लिए विधिवत उद्घाटन किया गया।




'राष्ट्रमंडल एक्सप्रेस' के आगमन का एक दृश्य

## नई रेल गाड़ियों का शुभारंभ

मंडल में रेल यातायात के विस्तार के क्रम में चार साप्ताहिक विशेष रेल गाड़ियां यथा डिब्रूगढ़ टाउन-सिलीगुड़ी के बीच 5942/5941, डिब्रूगढ़ टाउन-दादर के बीच 5645/5646, डिब्रूगढ़ टाउन- सिकंदराबाद के बीच 2513/2514 एवं डिब्रूगढ़ टाउन-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच 5647/5648 को विस्तारित किया गया। प्रतिदिन चलने वाली तीन फास्ट पैसेंजर रेल गाड़ी यथा गुवाहाटी-मरियानी के बीच 5717/5718, कामाख्या- फकीराग्राम-धुबड़ी के बीच 810/811 तथा अलीपुरद्वार जंक्शन-लामडिंग के बीच 5769/5770 का शुभारंभ किया गया।

## मंडल रेल उपभोक्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक

30 सितम्बर, 2010 को मंडल मुख्यालय के सभाकक्ष में मंडल रेल उपभोक्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी शाखा अधिकारियों ने हिस्सा लिया। समिति के सदस्यों के बीच विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया।

## बहुउद्देश्यीय परिसर

सिलचर रेल स्टेशन के निकटवर्ती क्षेत्र में प्रस्तावित बहुउद्देश्यीय परिसर के निर्माण की योजना को अंतिम रूप दिया गया है। परिसर के निर्माण का मुख्य उद्देश्य परिसर में वांक्षित वस्तुओं की सरलता से उपलब्ध कराया जाना है।



सिलचर के प्रस्तावित बहु उद्देश्यीय परिसर का एक दृश्य

## लिनन प्रबंधन

सभी गाड़ियों के वातानुकूलित डिब्बों में बेडरोल की आपूर्ति का दायित्व यॉत्रिक विभाग को सुपुर्द किया गया है। कामाख्या स्टेशन से खुलने वाली सभी गाड़ियों तथा गुवाहाटी से खुलने वाली इंटरसिटी एवं अवध असम एक्सप्रेस में बेडरोल की आपूर्ति कामाख्या में स्थापित की गई मैकेनाइज्ड लौण्ड्री द्वारा किया जाता है। फलस्वरूप बेडरोल की गुणवत्ता में आमूल सुधार लाया गया है।

## संरक्षा सेमिनार

रेल कर्मचारियों को संरक्षा के प्रति जागरूक एवं सतर्क कर उन्हें और भी क्रियाशील बनाने के उद्देश्य से 23 सितम्बर, 2010 को स्थानीय रेल इंस्टीच्यूट, लामडिंग में एक संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में मंडल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता किया। इस दौरान संरक्षा कोटि के कर्मचारियों को रेल संरक्षा विषयक विविध जानकारी उपलब्ध कराई गई।

## लामडिंग मंडल में आगमन

श्री विवके सागर, मंडल में 8 सितम्बर, 10 को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, लामडिंग का कार्यभार ग्रहण किए हैं। लामडिंग मंडल इनका हार्दिक स्वागत करता है।

डॉ. योगराज, मंडल में 10 जुलाई, 2010 को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, बदरपुर क्षेत्र का पदभार ग्रहण किए हैं। लामडिंग मंडल में इनका हार्दिक स्वागत है।

श्री टी.टी. गोंमेइ, मंडल में 23 सितम्बर, 2010 को वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, लामडिंग का कार्यभार ग्रहण किए हैं। मंडल में इनका हार्दिक स्वागत है।

## कर्मचारी कल्याण

- मंडल में 169 कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया।
- मंडल में अनुकम्पा के आधार पर 101 व्यक्तियों को नियुक्ति प्रदान की गई।
- अवधि के दौरान 75 सेवानिवृति के मामलों का निपटारा किया गया।

## सिगनल

मंडल के 28 प्रमुख स्टेशनों तथा सेक्शन नियंत्रण कार्यालय में तीन जीपीएस क्लॉक स्थापित किए गए। नौ समपार फाटकों पर विद्युतीय लिफ्टींग बेरियर स्थापित कर मंडल में संचार व्यवस्था को और प्रभावी बनाया गया।



जीपीएस क्लॉक तथा विद्युतीय लिफ्टींग बेरियर

## यॉत्रिक/डीजल

मीटर लाइन के वाईडीएम4 इंजनों में पहले के 28एलवी-1 ब्रेकिंग प्रणाली में केवल वैक्यूम ब्रेक की व्यवस्था थी। हाल ही में लामडिंग डीजल शेड द्वारा इन इंजनों में सुधार एवं संशोधन कर 28एलवी-1 ब्रेकिंग प्रणाली को 28एलएवी-1 ब्रेकिंग प्रणाली में बदला गया जिसमें एक ही पाइप में दोहरे ब्रेक प्रणाली (वायु एवं वैक्यूम) की व्यवस्था है। इस प्रकार मीटर लाइन के इंजन भी अब दोहरे ब्रेक प्रणाली के हो गए हैं।

## अनारक्षित टिकट प्रणाली

मंडल के हयबरगॉव, रंगापहाड़ क्रासिंग, बोकाजान एवं जमुनामुख स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट प्रणाली की स्थापना की गई। इस प्रकार इन स्टेशनों से सभी दिशाओं के सभी स्टेशनों के लिए टिकटों को उपलब्ध कराने में काफी सुविधा हो गई है इससे टिकटों की बिक्री तथा यात्री आय में बढ़ोत्तरी आयी है।

## मंडल रेल महिला कल्याण संगठन की गतिविधियाँ

मंडल में रेल कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को हर दृष्टि से जागरूक करने के लिए मंडल रेल महिला कल्याण संगठन वचनवद्ध है। स्कूली पाठ्य-पुस्तक अध्ययन के अलावा अन्य विविध रचनात्मक कार्य-कलापों की ओर विद्यार्थियों को आकर्षित करने के उद्देश्य से मंडल रेल महिला कल्याण संगठन, लामडिंग ने 5 सितम्बर और 12 सितम्बर 2010 को "ऑन द स्पॉट" ड्राइंग एवं पेंटिग तथा निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस दौरान महिला संगठन की अध्यक्षा तथा सदस्यों ने स्कूली बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भेंट किए। 22 सितम्बर 2010 को मंडल रेल महिला कल्याण संगठन, लामडिंग की ओर से स्थानीय रेलवे इंस्टीच्यूट में ड्राइंग एवं पेंटिग की प्रदर्शनी लगाई गई। स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पावन पर्व पर भी संगठन द्वारा [illegible] नर्सरी स्कूल के विद्यार्थियों तथा मंडल रेल अस्पताल के रोगियों में फल-मिठाईयाँ तथा अन्य उपहार भेंट किए गए।



ड्राइंग एवं पेंटिग प्रतियोगिता का मुआयना करती हुई श्रीमती [illegible], अध्यक्षा, मंडल रेल महिला कल्याण संगठन, लामडिंग

## हिंदी दिवस 2010

14 सितम्बर,1949 के दिन संविधान सभा ने हिंदी को सर्वसम्मति से राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। उस ऐतिहासिक दिन के याद में प्रति वर्ष हिंदी दिवस/राजभाषा पखवाड़ा का पालन किया जाता है।




दीप प्रज्वलित कर हिंदी दिवस/राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री अजीत पंडित

## राजभाषा पखवाड़ा का पालन

मंडल में दिनांक-15.09.10 से 30.09.10 तक राजभाषा पखवाड़ा का पालन किया गया। इस दौरान मंडल के विभिन्न स्टेशनों/कार्यालयों यथा मंडल मुख्यालय लामडिंग, डीजल शेड/न्यूगुवाहाटी तथा गुवाहाटी स्टेशन में हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, मंडल मुख्यालय लामडिंग, डीजल शेड/लामडिंग, क्षेत्र प्रबंधक का कार्यालय/गुवाहाटी, चापरमुख स्टेशन तथा डिमापुर स्टेशन आदि स्थानों में राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में 14 सितम्बर, 2010 को 15.30 बजे मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित विविध मदों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।



14 सितम्बर, 2010 को आयोजित मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग की तिमाही बैठक का दृश्य

## अधिकारियों के लिए राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

मंडल मुख्यालय में दिनांक-14.09.10 को स्थानीय सभा कक्ष में अधिकारियों के लिए राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने वाले समूह को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर, श्री संदीप चौहान मंडल रेल प्रबंधक से पुरस्कार ग्रहण करते हुए

## कर्मचारियों के लिए राजभाषा प्रश्नोत्तरी तथा हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता

मंडल मुख्यालय में 15 सितम्बर, 2010 को राजभाषा अनुभाग में रेल कर्मचारियों के लिए हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन तथा 16 सितम्बर, 2010 को राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता में सहभागिता करते मंडल के कर्मचारीगण

- अवधि के दौरान तीन हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन कर 58 कर्मचारियों को हिंदी में काम करने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

- जुलाई-नवम्बर/2010 सत्र में लामडिंग, बदरपुर, तथा गुवाहाटी क्षेत्र के लिए परीक्षा केन्द्र स्थापित कर हिंदी प्रवीण एवं प्राज्ञ परीक्षा के कुल 107 कर्मचारियों को हिंदी भाषा प्रशिक्षण के लिए नामित किया गया।

**संरक्षक**
अजीत पंडित
मंडल रेल प्रबंधक

**मुख्य संपादक**
हरपाल सिंह
अपर मुख्य राजभाषा अधिकार

**संपादन एवं सहयोग**
बलदेव सिंह
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/स.

आर. के. कोईरी
राजभाषा अधिकारी